# आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

भानिवार 01.11.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष को पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाने की तैयारियां शुरू; मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– राज्य सरकार, समाज के हर वर्ग के विकास के लिए योजनाएं चला रही है।
- प्रदेश सरकार ने दंत चिकित्साधिकारियों को स्पेशल डायनेमिक अस्योरड करियर प्रागरेशन–एसडीएसीपी, का लाभ देने की मंजूरी दी, मिलेगा वित्तीय व पदोन्नति लाभ।
- उत्तराखंड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में जल्द ही 287 चिकित्सकों की भर्ती की जाएगी।
- लोकपर्व इगास आज; मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए युवाओं से अपनी लोक संस्कृति से जुड़ने का आग्रह किया।

## देवभूमि रजत उत्सव 2025

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में आयोजित "देवभूमि रजत उत्सव 2025" में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह उत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राज्य निर्माण में योगदान देने वाले आंदोलनकारियों, माताओं और युवाओं के प्रति भावांजलि अर्पित करने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2000 में उत्तराखंड के अस्तित्व में आने के समय राज्य अनेक चुनौतियों से घिरा था, लेकिन देवभूमि की जनता ने कठिन परिस्थितियों में भी विकास का मार्ग बनाया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार गांवों से लेकर शहरों तक, किसानों से लेकर युवाओं और मातृशक्ति से लेकर श्रमशक्ति तक हर वर्ग के विकास के लिए योजनाएं चला रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और हवाई कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में आधुनिक ढांचा तैयार किया जा रहा है, साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चार वर्षों में लिए गए निर्णयों को जनहितकारी बताया और धर्मांतरण विरोधी, नकल विरोधी तथा समान नागरिक संहिता जैसे कानूनों का उल्लेख किया। उन्होंने भ्रष्टाचार के विरुद्ध "ज़ीरो टॉलरेंस" की नीति पर काम करने की बात कही। कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक और परंपरा का संगम देखने को मिला, जब एक एआई रोबोट ने मंच से "डिजिटल इंडिया" की उपलब्धियों पर आधारित प्रस्तुति दी।

## तैयारियां

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती वर्ष को पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। राज्य सरकार ने इस अवसर को जनभागीदारी से सार्थक बनाने के लिए विभिन्न विभागों को विशेष कार्यक्रम और जनकल्याणकारी पहलें आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में साइबर कोषागार देहरादून में 3 से 9 नवंबर तक पेंशन जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। वहीं, रजत जयंती समारोह के अवसर पर कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग की ओर से 6 नवंबर को देहरादून के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, निरंजनपुर में "कौशल एवं रोजगार महोत्सव 2025" का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से हजारों युवा भाग लेंगे। इस अवसर पर उद्योग, तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, पर्यटन, कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य और अन्य विभाग अपने सैक्टोरियल पंडाल लगाकर योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देंगे। विभागीय प्रदर्शनी में राज्य सरकार की रोजगार, स्वरोजगार और प्रशिक्षण योजनाओं से संबंधित जानकारी युवाओं को दी जाएगी।

**औपचारिक मंजूरी**

उत्तराखंड सरकार ने राज्य के दंत चिकित्साधिकारियों को स्पेशल डायनेमिक अस्योरड करियर प्रागरेशन– एसडीएसीपी का लाभ देने की औपचारिक मंजूरी प्रदान की है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के दंत शल्य चिकित्साधिकारियों को अब यह लाभ प्राप्त होगा। यह निर्णय शासन के पूर्व के आदेशों और स्क्रीनिंग कमेटी की संस्तुति के आधार पर लिया गया है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि दंत चिकित्साधिकारियों की यह मांग लंबे समय से लंबित थी। इस निर्णय से उन्हें वित्तीय लाभ के साथ पदोन्नति संबंधी अवसर भी मिलेंगे, जिससे उनके मनोबल और कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर स्वास्थ्य अधिकारी को उसका अधिकार और सम्मान मिले। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस निर्णय से राज्यभर के दंत चिकित्साधिकारियों को विशेष भत्ता का आर्थिक फायदा मिलेगा, जिससे ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। दंत चिकित्सक समुदाय ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि सरकार ने वर्षों पुरानी प्रतीक्षा समाप्त कर दी है।

**एआई– लोकभाशा संरक्षण**

राज्य की लोकभाषाओं– गढ़वाली, कुमाऊँनी और जौनसारी को कृत्रिम बुद्धिमत्ता– ए०आई से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। अमेरिका के सिएटल और कनाडा के सरे–वैंकूवर में "भाषा डेटा कलेक्शन पोर्टल (भाषा एआई पोर्टल)" का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के वीडियो संदेश के साथ हुई। उन्होंने इस पहल को उत्तराखंड की सांस्कृतिक अस्मिता को डिजिटल युग से जोड़ने वाला युगांतकारी प्रयास बताया और विदेशों में रह रहे प्रवासी उत्तराखंडियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मातृभाषाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। इस पोर्टल के माध्यम से गढ़वाली, कुमाऊँनी और जौनसारी भाषाओं के लगभग 10 लाख शब्द, वाक्य, कहावतें और कहानियाँ एकत्र की जाएंगी, ताकि भविष्य में एआई प्लेटफ़ॉर्म इन भाषाओं में संवाद करने में सक्षम हो सकें।

**स्वास्थ्य सेवाएं**

उत्तराखंड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में जल्द ही 287 चिकित्सकों की भर्ती की जाएगी। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की मंजूरी के बाद शासन ने इन पदों पर सीधी भर्ती के लिए उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को अधियाचन भेज दिया है। भेजे गए अधियाचन में 231 पद सीधी भर्ती और 56 पद बैकलॉग के शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, चयन बोर्ड जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा। हाल ही में बोर्ड के माध्यम से 220 चिकित्साधिकारी (बैकलॉग) पदों पर नियुक्तियां की गई थीं, जिनसे दूरस्थ क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिली है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग में रिक्त 287 पदों को शीघ्र भरा जाएगा ताकि राज्य के सभी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

**इगास**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को इगास पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति और परंपरा ही देवभूमि की पहचान है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की लोक संस्कृति उसकी आत्मा होती है, और इगास का पर्व इसी समृद्ध विरासत का हिस्सा है, जो सामाजिक जीवन में उत्साह और जीवंतता लाता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपनी लोक परंपराओं और संस्कृति को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इगास पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर लोगों को अपनी परंपराओं और पैतृक गांवों से जुड़ने का अवसर दिया है।

उन्होंने युवाओं से अपनी लोक संस्कृति से जुड़ने और प्रवासी उत्तराखंडवासियों से अपने गांवों में इगास मनाने का आग्रह किया।

## कार्यशाला

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने उद्योग विभाग, उत्तराखंड सरकार के सहयोग से विश्व बैंक समर्थित 'रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस कार्यक्रम के तहत एक कॉम्पटेटिव कम्पोसिट कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाना और लोगों को मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यशाला में एमएसएमई मंत्रालय और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाएं जैसे एमएसएमई चैंपियंस योजना और राष्ट्रीय एससी एसटी हब योजना पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को वित्तीय सहायता से जुड़ी जानकारियां भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन एमएसएमई एवं औद्योगिक विकास सचिव विनय शंकर पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है, जहां लगभग 3 लाख अस्सी हजार इकाइयां कार्यरत हैं जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 47 प्रतिशत तक योगदान देती हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार एमएसएमई की प्रतिस्पर्धा, स्थिरता और नवाचार बढ़ाने के लिए केंद्र के साथ मिलकर कार्य कर रही है और ऋण सुविधा व तकनीकी सहयोग के माध्यम से हरित उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## विशेश पैकेज

उत्तराखंड में दैवीय आपदाओं और अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)—आवास प्लस के तहत केंद्र सरकार ने विशेष पैकेज स्वीकृत किया है। इसके तहत राज्य को कुल 5 हजार 992 आवासों का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिससे प्रभावित ग्रामीण परिवारों का सुरक्षित और स्थायी पुनर्वास सुनिश्चित होगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए दिशा—निर्देश जारी किए हैं। पात्र लाभार्थियों की पहचान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के मानकों के आधार पर की जाएगी, और चयनित परिवारों का विवरण 'आवास 2024' मोबाइल ऐप के माध्यम से अपलोड किया जाएगा। वित्तीय सहायता केवल उन्हीं परिवारों को दी जाएगी, जिनके नाम अंतिम स्वीकृत 'आवास सूची' में शामिल होंगे। सभी आवासों का निर्माण 'आवाससॉफ्ट' पोर्टल के माध्यम से पीएमएवाई—जी के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता और प्रभावी निगरानी बनी रहे।

## एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

राष्ट्रीय एकता दिवस के समाचार को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण लिखता है — यूनिटी को दौड़ा दून, सरदार पटेल के आदर्शों से एकता का दिया संदेश। इसी खबर पर हिन्दुस्तान लिखता है — देहरादून में पटेल जयंती पर दिया एकता का संदेश।

राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर रोजगार मेले के समाचार को प्राथमिकता देते हुए हिन्दुस्तान लिखता है — दो हजार युवाओं को मिलेगी नौकरी।

लोकभाषा को लेकर अमेरीका व कनाडा में पोर्टल लॉच की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है — लोकभाषा गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी अब एआई पर।

जेईई मेन परीक्षा के समाचार को प्राथमिकता देते हुए अमर उजाला समाचार पत्र लिखता है — 21 से 30 जनवरी के बीच आयोजित होगी परीक्षा।